<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–21 जून 2024</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- दसवें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्रदेश भर में योग शिविरों का आयोजन। लखनऊ में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया योगाभ्यास।
- प्रदेश में हर परिवार के पास हो फैमिली आईडी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उच्चस्तरीय बैठक में जारी किये दिशा–निर्देश।
- नीट परीक्षा पर रोक लगाने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार। आठ जुलाई को होगी अगले सुनवाई।
- प्रदेश में भीषण गर्मी से फौरी तौर पर राहत। प्रदेश के पूर्वी हिस्सों में आज रात से मध्यम बारिश के आसार।

**********

पूरा देश आज दसवां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मना रहा है। सुबह छः बजे से ही प्रदेश के सभी जिलों में योगाभ्यास के कार्यक्रम चल रहे हैं जहां प्रदेश सरकार के मंत्रियों, जन प्रतिनिधियों, अधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में आम जन उत्साह पूर्वक प्राणायाम और योग के विभिन्न आसनों का अभ्यास कर रहे हैं। राजधानी लखनऊ में राजभवन में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ ही बड़ी संख्या में लोगों ने योगाभ्यास किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि–**बाइट–**

केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मथुरा में, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य प्रयागराज में, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना गोरखपुर में, पशुधन दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह मेरठ में, औद्योगिक विकास विभाग के मंत्री जसवंत सिंह सैनी रामपुर में, राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार संदीप सिंह एटा में, राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार अरूण कुमार सक्सेना बरेली में, सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रमों में शामिल हुए।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल एक उच्चस्तरीय बैठक में प्रदेश की प्रत्येक परिवार इकाई को जारी की जा रही परिवार आईडी प्रक्रिया की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की और इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ सभी परिवारों को उपलब्ध कराए जाने के संबंध में दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हर परिवार को सरकार की योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने तथा प्रत्येक परिवार के न्यूनतम एक सदस्य को रोजगार–सेवायोजन से जोड़ने के संकल्प के क्रम में प्रदेश मे परिवार आईडी जारी की जा रही है। वर्तमान में उत्तर प्रदेश में निवासरत लगभग तीन करोड़ साठ लाख परिवार के पन्द्रह करोड़ सात लाख लोग राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ पा रहे हैं। इन परिवारों की राशनकार्ड संख्या ही परिवार आईडी है। जबकि एक लाख से अधिक गैर राशन कार्ड धारकों को परिवार आईडी जारी की जा चुकी है। ऐसे परिवार जो कि राशन कार्ड धारक नहीं है, उनके लिए familyid.up.gov.in पर पंजीयन कर परिवार आईडी प्राप्त करने की व्यवस्था है। श्री योगी ने कहा कि इस योजना का अधिक से अधिक प्रचार–प्रसार किया जाए। प्रदेश का कोई भी परिवार इससे वंचित न रहे।

उन्होंने कहा कि एक परिवार–एक पहचान योजना के तहत प्रत्येक परिवार को एक विशिष्ट पहचान जारी किया जा रहा है, जिससे राज्य की परिवार इकाइयों का एक व्यापक डेटाबेस स्थापित होगा। यह डेटाबेस लाभार्थीपरक योजनाओं के बेहतर प्रबंधन, समयबद्ध लक्ष्यीकरण, पारदर्शी संचालन एवं योजना का शत–प्रतिशत लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने और आम जनता को सरकारी सुविधाओं का लाभ उपलब्ध कराने की व्यवस्था के सरलीकरण में सहायक होगा। केंद्र और राज्य सरकार की ओर से संचालित छिहत्तर योजनाओं, सेवाओं को फैमिली आईडी से लिंक किया जा चुका है।

**********

राष्टपति द्रौपदी मुर्मू के जन्म दिन के उपलक्ष्य में आज आकाशवाणी पर उनका एक विशेष साक्षात्कार प्रसारित किया जायेगा। यह साक्षात्कार पूर्व केन्द्रीय मंत्री श्रीमती स्मृति जुबीन ईरानी द्वारा लिया गया है। राष्ट्रपति के इस साक्षात्कार का प्रसारण आज सुबह आठ बजकर पैंतालीस मिनट पर आकाशवाणी गोल्ड और आकाशवाणी के समूचे राष्ट्रीय नेटवर्क पर होगा। इसे आकाशवाणी के यू–ट्यूब चैनल अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर भी सुना जा सकता है।

**********

सुप्रीम कोर्ट ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट–यूजी में कृपांक प्राप्त करने वाले पन्द्रह सौ तिरसठ छात्रों की तेइस जून को दोबारा होने वाली परीक्षा पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। इसके साथ ही शीर्ष अदालत ने नीट यूजी दो हजार चौबीस को रद्द करने और प्रवेश परीक्षा में कथित अनियमितताओं की अदालत की निगरानी में जांच का अनुरोध करने की याचिकाओं पर केन्द्र सरकार, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए से जवाब मांगा है। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने देश के विभिन्न हाईकोर्टों ने नीट से सम्बन्धित कुछ लम्बित याचिकाओं पर आगे की कार्यवाही पर रोक लगा दी है। नीट परीक्षा आयोजित करने वाली राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एन टी ए की स्थानांतरण याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली अवकाश पीठ ने कल ये रोक लगाई। सर्वोच्च न्यायालय में स्थानांतरण याचिकाओं और परीक्षा रद्द करने की मांग वाली याचिकाओं पर 8 जुलाई को सुनवाई होगी।

**********

शिक्षा मंत्रालय ने देश के तीन सौ सत्रह शहरों में 18 जून को आयोजित हुयी यूजीसी नेट–परीक्षा रद्द कर दी है। मंत्रालय ने कहा है कि परीक्षा में गड़बड़ी की जानकारी मिलने के बाद यह फैसला किया गया है और सीबीआई जांच के आदेश दिये गये हैं। परीक्षा जल्द ही फिर से आयोजित की जायेगी।

**********

प्रदेशभर में एक जुलाई से नये आपराधिक कानून लागू हो जायेंगे। इन कानूनों में अनाथ बच्चों और यौन उत्पीड़न के शिकार बच्चों के पुनर्वास के लिये विशेष प्रावधान किये गये हैं। भारतीय न्याय संहिता 2023 में ऐसे बच्चे जो अनाथ है और माता–पिता द्वारा स्वेच्छा से छोड़ दिये गये हैं या मानसिक रूप से विकलांग माता–पिता की संतान है, उनके लिये नये कानूनों में विशेष व्यवस्था की गई है। बीएनएस की धारा 63, 64 में बच्चों के साथ यौन अपराध के मामलों में कड़ी सजा का प्रावधान किया गया है। धारा 137 से धारा 146 में बच्चों के अपहरण, गुलामी और जबरन श्रम के संबंध में कड़े कानून बनाये गये हैं।

**********

प्रयागराज के चर्चित उमेश पाल हत्याकाण्ड में वांछित माफिया अशरफ की पत्नी जैनव फातिमा के मकान को कल ढहा दिया गया। पच्चीस हजार रूपये की ईनामी जैनब फातिमा ने प्रयागराज के सल्लाहपुर में सुन्नी वक्फ बोर्ड की जमीन पर दो मंजिला मकान बनवाया था। प्रयागराज विकास प्राधिकरण से बिना नक्सा पास करवाये बनाये गये इस मकान पर कल ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गयी।

**********

गोरखपुर जंक्शन रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर निर्माण कार्य के चलते गोरखपुर–वाराणसी सिटी एक्सप्रेस सहित चार ट्रेनें विभिन्न तिथियों में निरस्त रहेंगी जबकि आठ ट्रेनें मार्ग में रोक कर चलायी जायेंगी। पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह के मुताबिक गोरखपरु–वाराणसी इंटरसिटी एक्सप्रेस तेइस जून से सात जुलाई तक और वाराणसी सिटी–गोरखपुर एक्सप्रेस बाइस जून से छः जुलाई तक निरस्त रहेगी।

**********

काशी विश्वनाथ धाम और अयोध्या के कायाकल्प के बाद प्रदेश सरकार ने अब मिर्जापुर में माता विंध्यवासिनी देवी के धाम को नव्य–भव्य रूप देने की शुरुआत कर दी है। माता विंध्यवासिनी की लीलाओं से जुड़ी कथाओं और तीर्थ के महत्व को दर्शाने वाली विभिन्न कलाकृतियों को आर्ट गैलरी के माध्यम से सुसज्जित किया जाएगा। आर्ट गैलरी के निर्माण से यहां आने वाले पर्यटकों को आस्था, कला और संस्कृति का अनुपम संगम देखने को मिलेगा।

**********

अयोध्या में कल छह दिवसीय सरयू जयंती महोत्सव का शुभारम्भ प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरयू जयंती के जरिए आमजन सनातन संस्कृति के साथ ही नदियों के महत्व को करीब से जान रहे हैं। पर्यटन मंत्री ने कहा कि नदियां हमारे जीवन की रेखा हैं, अयोध्या के सरयू महोत्सव से प्रकृति के साथ जुड़ाव का संदेश संपूर्ण विश्व को जा रहा है। महोत्सव के दौरान सरयू कथा और धार्मिक अनुष्ठान के साथ रोजाना मां सरयू की महाआरती होगी।

**********

प्रदेश के कई जिलों में बुधवार की रात हल्की बारिश होने के चलते बीते कई दिनों से जारी भीषण गर्मी से फौरी तौर पर राहत मिली है। हालांकि मौसम विभाग का अनुमान है कि प्रदेश के पश्चिमी इलाकों में गर्मी का कहर अभी कुछ दिन जारी रहेगा जबकि आज रात से कल दोपहर तक पूर्वी हिस्सों में मध्यम से तेज बारिश के आसार बन रहे है।

**********